कार्यालय नियंत्रक नाप-तौल (विधिक मापविज्ञान) मध्यप्रदेश

होशंगाबाद रोड़, गायत्री मंदिर के पास भोपाल पिन - 462011
Tele- 0755-2551017 Fax – 0755-2768638 E-mail – cwmbho@mp.nic.in

क्रमांक 5041 /नातौ/अ-1(1)/2015 भोपाल दिनांक :24/09/2015

प्रति,

समस्त निरीक्षक,
नाप-तौल (विधिक मापविज्ञान)
मध्यप्रदेश

विषय :- टैंक लॉरियों के सत्यापन की समयसीमा बढाये जाने के संबंध में।

---- 000 ----

उपरोक्त विषयांतर्गत मेरे संज्ञान में आया है कि डिपो से सत्यापित होने वाले टैंक लॉरियों की समयसीमा में वृद्धि एवं उनसे प्रदायगी जारी रखने हेतु टीप का अंकन टैंक लॉरी का सत्यापन करने वाले निरीक्षक द्वारा किया जा रहा है जो विधिक मापविज्ञान (साधारण) नियम, 2011 के नियम 27 के प्रावधानों का उल्लंघन एवं अधिकार क्षेत्र से बाहर है।

अतः निर्देशित किया जाता है कि टैंक लॉरियों के सत्यापन की समयावधि सत्यापन प्रमाण पत्र में उल्लेखित अवधि के अनुरूप ही रहे, समयावधि समाप्ति के पश्चात उसकी समयावधि में वृद्धि एवं उसके उपयोग को निरंतर जारी रखने की कार्यवाही संबंधित निरीक्षक द्वारा नहीं की जाये। भविष्य में इस तरह की शिकायत आने पर ऐसे निरीक्षकों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जावेगी।

(एस. के. जैन)
नियंत्रक
नाप तौल, (विधिक मापविज्ञान)
म.प्र. भोपाल

पृ0क्र.5042 /नातौ/अ-1(1)/2015 भोपाल दिनांक :24 /09/2015
प्रतिलिपि :-

समस्त उप/सहायक नियंत्रक नाप-तौल (विधिक मापविज्ञान) मध्यप्रदेश की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

नियंत्रक
नाप तौल, (विधिक मापविज्ञान)
म.प्र. भोपाल